हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 18 जनवरी 2026

04 करोड़ों का अस्पताल बना रेफर सेंटर डॉक्टरों की...




07 अधिकारी को आंख दिखाने वाला लिपिक निलंबित...






## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य विभाग लगाएगा 26 और 27 को निशुल्क विशेष शिविर

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग भोपाल द्वारा 26 और 27 जनवरी को आयोजित विशेष शिविर में निशुल्क इलेक्ट्रॉनिक प्रोस्थेटिक्स हैंड्स लगवाए जाएंगे ।बिना हाथ के जन्मे या दुर्घटना में हाथ का निचला हिस्सा गंवाने वाले लोगों को ये कृत्रिम हाथ लगाए जाएंगे। ये शिविर इनाली फाउंडेशन के सहयोग से लगाया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ये महत्वपूर्ण पहल राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत की गई है। इस कृत्रिम हाथ के माध्यम से दैनिक कार्य जैसे वस्तुओं को पकड़ना, खाना, लिखना, डिजाइन जैसे कार्य आसानी से किए जा सकते हैं। ये डिवाइस 15 साल से ऊपर के व्यक्तियों को लगाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि ऐसे लोग जिनके कोहनी से निचला हिस्सा नहीं है वे नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र अथवा स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं।

### कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस 21 को होगी

**सीहोर।** मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में आगामी 21 जनवरी 2026 बुधवार को कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के प्रतिवेदन की समीक्षा बैठक सुबह 11 बजे से मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल में होगी। कांफ्रेंस में कलेक्टर और एसीपी कांफ्रेंस के बिंदुओं के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा होगी।मंत्रालय में होने वाली इस कांफ्रेंस में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित होंगे जबकि कलेक्टर,कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता करेंगे।

### लोकभवन 25 से 27 तक आमजन के लिए खुला रहेगा

**सीहोर।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोकभवन को तीन दिनों के लिए आम नागरिकों के भ्रमण हेतु खोला जा रहा है। नागरिकों के भ्रमण के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों और लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। आमजनों के लिए चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आमजन को लोकतांत्रिक संस्थाओं से जोड़ना तथा गणतंत्र दिवस के महत्व को और अधिक सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि नागरिक 25 से 27 जनवरी तक निर्धारित समय में लोकभवन का अवलोकन कर सकेंगे। 25 जनवरी और 27 जनवरी को लोकभवन अपरान्ह 2 बजे से सायं 8 बजे तक खुला रहेगा।

### जनहित, जनस्वास्थ्य और सामाजिक न्याय के लिए यह संघर्ष निरंतर जारी रहेगा, जिला कांग्रेस कमेटी का प्रदर्शन

# आष्टा नगर पालिका के कई वार्डों में गंदा मटमैला पेयजल किया जा रहा है सप्लाई : राजीव गुजराती

### मनरेगा में बदलाव और इन्दौर में हुई 24 मौतों के विरोध एवं प्रदेश सहित सीहोर में पानी गुणवत्ता को लेकर जिला मुख्यालय पर कांग्रेस का एक दिवसीय उपवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में किए जा रहे बदलावों के माध्यम से काम के कानूनी अधिकार को कमजोर किए जाने के विरोध में तथा इंदौर के भागीरथपुरा में जहरीले पानी से हुई 24 निर्दोष मौतों के खिलाफ, प्रदेशव्यापी आंदोलन के अंतर्गत सीहोर जिले में पानी की गुणवत्ता जैसे गंभीर जनहित के मुद्दे को लेकर एक दिवसीय उपवास आयोजित किया गया, जिसमें जिला प्रभारी दिनेश मेघानी, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि यह उपवास केवल विरोध का माध्यम नहीं, बल्कि सरकार की जनविरोधी नीतियों, लापरवाह प्रशासन और नागरिकों के मौलिक अधिकारों के हनन के विरुद्ध एक सशक्त संदेश है। उन्होने आगे यह भी कहा कि सीहोर जिले में भी पीने के पानी की स्वस्छता पर ध्यान दिया जाए। सीहोर और आष्टा नगर पालिका क्षेत्र में कई वार्डो में गंदा मटमैला पेयजल सप्लाई किया जा रहा है, इस ओर तुरंत ध्यान दिया जाए।

इस अवसर पर पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल सहित समस्त वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं साथीगण उपस्थित रहे। शैलेन्द्र पटेल ने कहा कि रोजगार का अधिकार हो या शुद्ध पेयजल - इन बुनियादी सवालों पर अब चुप्पी स्वीकार्य नहीं है। जनहित, जनस्वास्थ्य और सामाजिक न्याय के लिए यह संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।

उपवास के उपरांत राजीव गुजराती ने कहा कि लोगों का दुख दर्द समझने वाले और बांटने वाले जननायक राजीव गांधी ने आज इन्दौर में कहा कि हमें स्मार्ट सिटी का वादा किया गया था। यह स्मार्ट सिटी का नया मॉडल है, जहां पीने का पानी नहीं है और लोगों को धमकाया जा रहा है। इंदौर में दूषित पानी पीने से लोगों की मौत हुई है। यह सरकार का शहरी मॉडल है और यह सिर्फ इंदौर तक सीमित नहीं है, बल्कि कई शहरों में यही हो रहा है। भाजपा सरकार साफ पानी और साफ हवा देने की अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह विफल रही है। भाजपा सरकार में किसी न किसी को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। पीड़ितों को सरकार की लापरवाही से हुई इस त्रासदी के लिए मुआवजा मिलना चाहिए।

आज भी लोगों को साफ पानी नहीं मिल रहा है। निवासी सिर्फ वही मांग रहे हैं जो सरकार का कर्तव्य है, यानी स्वच्छ पानी के लिए एक उचित व्यवस्था। नेता प्रतिपक्ष के रूप में जनता के मुद्दे उठाना मेरी जिम्मेदारी है। आप इसे राजनीति कहें या जो भी आपको उचित लगे।

इस अवसर पर विवेक राठौर, घनश्याम यादव, ओम वर्मा, नईम नवाब, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र वर्मा, सीताराम भारती, रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, गुलाब बाई ठाकुर, राजेश भूरा यादव, देवेन्द्र सिंह बोरदी, धर्मेन्द्र मेमदाखेड़ी, बलवान पटेल, अरविन्द ठाकुर, घनश्याम मीणा, मनोज पटेल, गिरवर सिंह चौहान, संतोष पटेल, रामनारायण शर्मा, राजकुमार मालवीय, मजीद अंसारी, इरफान लाला, हसीन कुरेशी, हर्षदीप राठौर, राजेश चौहान, अरूण राय, प्रेमनारायण परमार, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, संतोष मालवीय, मनीष मेवाड़ा, हरिओम सिसोदिया, मोनू शर्मा, गजराज परमार, ओम सोनी आदि उपस्थित रहे।

## लुटेरी दुल्हन गैंग के फरार आरोपीगण और मास्टरमाइंड को किया गिरफ्तार, करीब डेढ़ माह से फरार थे गैंग के आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



दिनांक 6 दिसंबर 2025 को फरियादी रामबाबू गुप्ता निवासी शास्त्री कॉलोनी भैरूंदा द्वारा दिए गए शिकायती पत्र देकर फर्जी लुटेरी दुल्हन रानी, उसके फर्जी बने भैया कृष्णकुमार शर्मा उर्फ मुकेश, भाभी दिव्या, राधा उर्फ राजू बाई व अन्वर खान के विरुद्ध अपने साले सचिन गुप्ता के साथ फर्जी शादी करवाकर धोखाधडी कर 1,71,000 रूपये लेकर दुल्हन फरार हो जाने की रिपोर्ट की थी।

फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 662/25 धारा 318(4),61(2) bns का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। अपराध पंजीयन के पश्चात घटना की गंभीरता को देखते हुऐ सीहोर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के द्वारा आरोपीगण की गिरफ्तारी के निर्देश प्राप्त हुए थे, निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत व एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में गठित टीम द्वारा लूटेरी दुल्हन रानी प्रजापति उम्र 32 साल निवासी केके नगर आगरा उत्तरप्रदेश व उसकी सहयोगी दिव्या पति महेन्द्र गंधर्व उम्र 43 साल निवासी माता मंदिर के पास देशवाली मोहल्ला, दोराहा थाना दोराहा जिला सीहोर को गिरफ्तार किया गया था।

घटना के पश्चात आरोपी लुटेरी दुल्हन रानी का फर्जी बना भाई मुकेश उर्फ कृष्ण कुमार शर्मा, राधा दीदी और अन्वर खान फरार हो गए थे जिनकी तलाश करते हुए उपरोक्त आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। प्रकरण में फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले प्रियांश को भी गिरफ्तार किया गया, सभी आरोपी के जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल भेजा गया।

## माहेश्वरी महिला मंडल ने किया हल्दी और कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन




**सीहोर।** माहेश्वरी महिला मंडल सीहोर द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सक्रांति मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने एक दूसरे को हल्दी-कुमकुम लगाकर आस्था के साथ उत्सव मनाया एवं एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। इसी अवसर पर प्रदेश महिला संगठन की मंशानुसार चुनाव पदाधिकारी सत्य भामा मंत्री, कांता गट्टाणी, सरोज झवर, प्रमिला साबू की उपस्थिति में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा अध्यक्ष पद के लिए संगीता राठी एवं सचिव पद के लिए अनीता बांगड़ का नाम सर्व सम्मति से प्रस्तावित होने के कारण चुनाव पदाधिकारियों द्वारा अध्यक्ष पद पर संगीता राठी एवं सचिव पद पर श्रीमती अनीता बांगड़ को चुना गया जिसका माहेश्वरी समाज की सभी महिलाओं द्वारा हर्ष ध्वनि से स्वागत किया गया। निवर्तमान महिला मंडल अध्यक्ष आभा कासट एवं सचिव हर्षा हूरकट के कार्यकाल की सराहना की गई।

मंडल के अन्य पदाधिकारी शीघ्र घोषित किए जाने की कार्यवाही चुनाव पदाधिकारी की सहमति उपरांत शीघ्र की जाएगी। नव निर्वाचित अध्यक्ष संगीता राठी एवं सचिव अनिता बांगड़ को महिला मंडल की सम्माननीय सदस्य प्रतिभा झवर जिला अध्यक्ष श्रीमती रजनी बाहेती, प्रतिभा चांडक, लीला कुइयां, शोभा चांडक, गीता सोडाणी, ज्योति झवर, निशा मंत्री, सुधा लाहोटी, मधु धूत, मंजू मूंदड़ा, चंदन कासट, कृष्णा सोडाणी, बबीता बियानी, गायत्री साबू, अनीता सोडाणी, रानी तोषनीवाल, शिवानी कासट, शशि झवर, रश्मि बाहेती एवं सभी समाज जनों द्वारा बधाई दी गई।

## 7 फरवरी को होगा प्रतिभा सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर पालिका परिषद सीहोर 7 फरवरी को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन करेगी। यह आयोजन उन लोगों को समर्पित होगा, जिन्होंने अपने कार्य, समर्पण और सेवा से नगर का नाम रोशन किया है। नगर का गौरव दिवस हर साल 29 नवंबर को मनाया जाता है, लेकिन इस बार यह आयोजन नहीं हो सका। ऐसे में परिषद अब 7 फरवरी को गौरव दिवस के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम करेगी। गुरुवार को नगर पालिका सभाकक्ष में हुई बैठक में नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि सीहोर केवल एक नगर नहीं, बल्कि प्रतिभाओं की कर्मभूमि है। आध्यात्म, उद्योग, खेल, शिक्षा, कला, साहित्य और समाजसेवा जैसे क्षेत्रों में यहां की प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। इन्हीं को मंच पर सम्मानित कर समाज को प्रेरणा देने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि शहर के सभी वार्डों में विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं। स्वच्छता के क्षेत्र में सीहोर ने प्रदेश में अलग पहचान बनाई है। इसमें नागरिकों की भागीदारी अहम रही है। समाजसेवा के क्षेत्र में टीम संडे का सुकून द्वारा जिला अस्पताल में एक साल तक निःशुल्क भोजन व्यवस्था और राजू सोनी द्वारा अंतिम संस्कार जैसे कार्य प्रेरणादायक हैं।

समारोह में पर्यावरण, स्वच्छता, शिक्षा, खेल और सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में सेलिब्रिटी, संत और जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। नगर पालिका परिषद छिपी हुई प्रतिभाओं को भी मंच पर लाएगी।

### जिला स्तरीय क्लासिक सिनियर पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता की ट्रायल आज

**सीहोर।** सीहोर जिला पावर लिफ्टिंग ऐसोसिएशन के महासचिव सत्यनारायण वारिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आगामी दिनांक 13,14 फरवरी को सीहोर के क्रि सेंट ग्रीन गार्डन में आयोजित होने होने जा रही है। जिसको लेकर खिलाडिय़ों के चयन हेतु आज दिनांक 18 जनवरी 2026, दिन रविवार को प्रातः 10 बजे चर्च ग्राउण्ड के पास जिला खेल अधिकारी परिसर में खिलाडिय़ों की प्रतिभानुसार चयन किया जावेगा। जो भी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहता हो वह अपने आधार कार्ड, मार्कशीट एवं जन्म प्रमाणपत्र के साथ ट्रायल स्थल पर नियत समय पर उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं।

### जिले में चलाया जा रहा यातायात जागरुकता अभियान, ट्रैफिक अमला स्कूलों तक पहुंचा

# लाइसेंस पहले लें, ड्राइविंग बाद में, विद्यार्थियों को सिखाया गया सड़क सुरक्षा का जीवन रक्षक पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




प्रदेश में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं और उनमें हो रही जनहानि को देखते हुए आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जनवरी-2026 के अंतर्गत जिले में यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान "सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा" की मूल भावना पर आधारित है, जिसके तहत विशेष रूप से विद्यार्थियों को कम उम्र से ही यातायात नियमों के महत्व से अवगत कराया जा रहा है।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश तथा पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार शनिवार को सीहोर जिले में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी सूबेदार ब्रजमोहन धाकड़ के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा शासकीय आदर्श गगनदीप हायर सेकेंडरी स्कूल, सीहोर में यह अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम के दौरान यातायात प्रभारी ब्रजमोहन धाकड़ ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को स्पष्ट रूप से समझाया कि वयस्क होने एवं वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही वाहन चलाना चाहिए। साथ ही, उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपने अभिभावकों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित करें। विद्यार्थियों को सुरक्षित सड़क पार करने, सड़क पर पैदल चलते समय सावधानियां बरतने, तेज गति से वाहन न चलाने और शराब पीकर वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर राहवीर योजना के बारे में भी विस्तार से बताया गया, जिसमें सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की मदद करने वाले नागरिकों को सम्मान और प्रोत्साहन देने का प्रावधान है। विद्यालय के शिक्षकों से भी अपील की गई कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और विद्यार्थियों व स्टाफ को शत-प्रतिशत यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम के अंत में यातायात जागरूकता से संबंधित पंपलेट एवं पोस्टर वितरित किए गए। इस जागरूकता अभियान में यातायात पुलिस स्टाफ, विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं लगभग 500 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यातायात पुलिस द्वारा यह अभियान आगामी दिनों में भी जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं कॉलेजों में निरंतर चलाया जाएगा।

### दो दिवसीय सेमिनार व कृषक प्रशिक्षण का जिला पंचायत सीईओ ने किया शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

उद्यानिकी विभाग द्वारा भाऊखेड़ी के आजीविका पार्क मैं एकीकृत बागवानी मिशन के अंतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमिनार एवं किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने किसानों को प्रेरित करते हुए कहा कि उद्यानिकी फसलों की खेती में उन्नत तकनीकों को अपनाना चाहिए। इससे न सिर्फ बेहतर उत्पादन होगा, बल्कि किसानों की आय में भी बढ़ोत्तरी होगी।

कार्यक्रम में आरएके कृषि महाविद्यालय के डॉ आईएस नरुका द्वारा प्याज एवं लहसुन और उत्पादन की उन्नत तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान किसानों को अश्वगंधा की खेती के लाभों के बारे में बताया गया और अश्वगंधा की खेती के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर अमित शर्मा, दीपक कुशवाहा, एनआरएलएम के डीपीएम दिनेश बरफा, राजमोहन पंथी, सहायक संचालक जगदीश सिंह मुजाल्दा सहित अन्य अधिकारी एवं किसान उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### ग्रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** जन अभियान परिषद द्वारा सीहोर जनपद पंचायत में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय ग्रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खंड समन्वयन एनपी सूर्यवंशी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास को गति प्रदान करना है। इसके साथ ही स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना, स्थानीय संसाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जनजागरूकता बढ़ाना भी अभियान के प्रमुख उद्देश्य हैं। इस अवसर पर सभी को स्वदेशी अपनाने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक प्रदीप सेंगर एवं संजय त्यागी सहित अन्य अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य विभाग ने जगह-जगह शिविर लगाकर 625 बच्चों का टीकाकरण



**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 16 जनवरी को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 430 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 195 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 94 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### महिला डॉक्टर को बर्खास्त करने के बजाय तबादला, कार्रवाई पर भी सवाल

# करोड़ों का अस्पताल बना रेफर सेंटर डॉक्टरों की लापरवाही पर उठे सवाल

तहसील भैरुंदा में इन दिनों स्वास्थ्य विभाग आमजन की जुबान पर है। वजह है-डॉक्टरों की कथित लापरवाही और उस पर की जा रही आधी-अधूरी कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा




करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित सिविल अस्पताल भैरुंदा आज क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए राहत का केंद्र बनने के बजाय खुद सवालों के कटघरे में खड़ा है। इलाज की उम्मीद लेकर आने वाले मरीजों को यहां से जिला अस्पताल या भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर किया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं की यह बदहाल स्थिति सरकार की मंशा और जमीनी हकीकत के बीच बढ़ती खाई को उजागर कर रही है।

तहसील भैरुंदा में इन दिनों स्वास्थ्य विभाग आमजन की जुबान पर है। वजह है-डॉक्टरों की कथित लापरवाही और उस पर की जा रही आधी-अधूरी कार्रवाई। हाल ही में सामने आया नसबंदी प्रकरण पूरे क्षेत्र को झकझोर गया। आदिवासी महिला की मौत के बाद अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। परिजनों का आरोप है कि महिला डॉक्टर रुक्मणि द्वारा की गई नसबंदी में भारी चूक हुई, जिसके चलते महिला की जान चली गई। इस एक घटना ने तीन मासूम बच्चों के सिर से मां का साया छीन लिया। पीड़ित परिवार अभी इस असहनीय सदमे से उबर भी नहीं पाया था कि जिला स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई ने उनके जख्मों को और गहरा कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस महिला डॉक्टर पर लापरवाही के इतने गंभीर आरोप हैं, उसे बर्खास्त करने के बजाय केवल तबादला कर देना न्याय के नाम पर औपचारिकता भर है। यह कार्रवाई न तो पीड़ित परिवार को संतोष दे सकी और न ही आमजन में यह भरोसा जगा पाई कि भविष्य में ऐसी घटनाएं नहीं दोहराई जाएंगी।

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि करोड़ों की लागत से बना यह सिविल अस्पताल अब सिर्फ एक विशाल भवन बनकर रह गया है। इलाज के नाम पर यहां बुखार, सर्दी-खांसी और वायरल फीवर जैसी सामान्य बीमारियों तक सीमित सेवाएं दी जा रही हैं। जरा सी गंभीर बीमारी होने पर मरीजों को बिना समुचित उपचार के तुरंत रैफर कर दिया जाता है। इसका सबसे बड़ा खामियाजा गरीब और असहाय परिवारों को भुगतना पड़ रहा है, जिनके पास न तो साधन हैं और न ही बड़े शहरों तक पहुंचने की सुविधा।

अस्पताल का आईसीयू वार्ड वर्षों से वीरान पड़ा है। स्टाफ की कमी के कारण न मरीज भर्ती हो पा रहे हैं और न ही आधुनिक मशीनों का उपयोग हो रहा है। करोड़ों रुपये की लागत से खरीदी गई मशीनें बंद कमरों में धूल फांक रही हैं और धीरे-धीरे खराब होने की कगार पर पहुंच चुकी हैं। साल में एक-दो बार रक्तदान शिविर लगाकर औपचारिकता निभा दी जाती है, जबकि शेष समय संसाधन पूरी तरह बेकार पड़े रहते हैं। लगातार सामने आ रही घटनाओं ने स्वास्थ्य विभाग की निगरानी और जवाबदेही प्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों की मांग है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, साथ ही सिविल अस्पताल में आवश्यक डॉक्टरों और स्टाफ की तत्काल नियुक्ति हो। एसडीएम सुधीर कुशवाह ने बताया कि प्रथमिक तौर पर लापरवाही साबित होने पर महिला डॉक्टर को हटाया दिया गया है। अस्पताल में व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए बीएमओ चर्चा की जाएगी। बीएमओ से संपर्क नहीं हो सका।

### जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय की प्रवेश परीक्षा के आवेदन 28 तक

**सीहोर।** स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित सीहोर के अग्रणी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1, सीहोर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी 2026 को आयोजित की गई है जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। विद्यार्थी राज्य ओपन स्कूल की वेबसाइट WWW.MPSOS.MPONLINE.GOV.IN और WWW.MPSOS.NIC.IN के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन 28 जनवरी 2026 तक कर सकते है। विदित है कि संस्थान में प्रवेश ऑनलाइन परीक्षा के माध्यम से ही होता है।

संस्था प्राचार्य सुनीता जैन ने बताया कि विद्यालय में अध्ययन करने वाले बालक-बालिकाओं को शासन की समस्त योजनाओं का लाभ दिए जाने के साथ-साथ दूर दराज के बालक और बालिकाओं के लिए पृथक-पृथक 100-100 सीटर छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध है। आवेदन के लिए छात्र-छात्रा वर्तमान सत्र में कक्षा 8वी में अध्ययनरत होना चाहिए। छात्र-छात्रा को प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने के साथ-साथ कक्षा 8वी में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक अथवा C ग्रेड प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

### 20 जनवरी तक रोपवे से दर्शन के लिए नहीं जा सकेंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

देवीधाम सलकनपुर में मां बीजासन रोपवे सेवा अस्थायी रूप से बंद रहेगी। कन्वेयर रोपवे सर्विस, कोलकाता द्वारा संचालित यह सेवा 16 जनवरी से 20 जनवरी तक बंद रहेगी।इस दौरान तकनीकी रखरखाव और सुरक्षा जांच का कार्य किया जाएगा।

रोपवे सेवा के प्रबंधक राजू श्रीवास्तव ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह नियमित मेंटेनेंस किया जा रहा है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे इस अवधि में सीढ़ी और रोड मार्ग से देवी दर्शन के लिए जाएं। हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां बीजासन के दर्शन के लिए सलकनपुर पहुंचते हैं। ऐसे में रोपवे का समय-समय पर रखरखाव जरूरी होता है। सेवा 20 जनवरी के बाद फिर से शुरू हो सकती है।

## बोरखेड़ा कला बालिका क्रिकेट टीम की लगातार नौवीं जीत, फाइनल में किया शानदार प्रदर्शन



**भैरुंदा।** भैरुंदा क्षेत्र की बोरखेड़ा कला ग्राम पंचायत की बालिका क्रिकेट टीम ने एक बार फिर अपने दमदार खेल से सफलता का परचम लहराया है। 16 व 17 जनवरी 2026 को ग्राम मगरिया में आयोजित बालिका क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। रोमांचक फाइनल मुकाबला बोरखेड़ा एवं मगरिया बालिका क्रिकेट टीम के बीच खेला गया।

फाइनल में मगरिया टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया और बोरखेड़ा टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। बोरखेड़ा बालिका क्रिकेट टीम ने निर्धारित 8 ओवर में सधे हुए और आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए 70 रनों का मजबूत लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मगरिया टीम बोरखेड़ा की कसी हुई गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और पूरे 8 ओवर में केवल 40 रन ही बना पाई। इस तरह बोरखेड़ा टीम ने 29 रनों से फाइनल मुकाबला जीतकर टूर्नामेंट अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में बोरखेड़ा टीम की ओर से सुहाना धावरे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 25 रन बनाए और 2 विकेट भी हासिल किए। उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। वहीं पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन गेंदबाजी और सर्वाधिक रन बनाने के लिए निशा पवार को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया। टूर्नामेंट जीतने पर बोरखेड़ा बालिका क्रिकेट टीम को पावर मेक के जनरल मैनेजर विनोद कुमार, प्रिया स्वामी, दिनेश कुशवाह, राहुल रघुवंशी सहित पूरी पावर मेक टीम ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। क्षेत्र में बोरखेड़ा टीम की इस जीत से खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है और बालिका खिलाड़ियों के आत्मविश्वास में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, सीहोर में एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन एवं जागरूकता प्रशिक्षण कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन शनिवार को महाविद्यालय के नवीन सभागार में चार सत्रों में किया गया। कार्यशाल का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन के दिशानिर्देशों के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में बढ़ती आत्महत्या के मामलों की रोकथाम करना तथा शिक्षण संस्थाओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता स्थापित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। उन्होंने भूटान का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रसन्नता बाह्य संसाधनों पर निर्भर नहीं होती। उन्होंने जीवन के संघर्षों में भी मन को सशक्त रखने के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि पीड़ा परिमार्जित करती है तथा दुख हमें निखारता है। तत्पश्चात कार्यक्रम की प्रथम वक्ता डॉ. प्रियंका लेंका, सहायक प्राध्यापक, नेशनल मेंटल हेल्थ रिहैबिलिटेशन इंस्टीट्यूट ने आत्महत्या रोकथाम परामर्श तकनीकों पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने आत्महत्या से जुड़े जोखिम कारकों और चेतावनी संकेतों से संबंधित जानकारी भी सभी के साथ साझा की। इसके पश्चात मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, सीहोर से डॉ. अनीशा इज़्क ने मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ एवं उपलब्ध संसाधन विषय पर प्रभावी वक्तव्य दिया। उन्होंने सरकारी स्तर पर उपलब्ध मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं, परामर्श सुविधाओं तथा सहायता संसाधनों की विस्तृत जानकारी सभी के समक्ष प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंतिम वक्ता डॉ. राजेन्द्र कुमार जुगादे, प्राध्यापक, गीतांजलि महाविद्यालय,भोपाल रहे। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर भावपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

साथ ही शिक्षण संस्थानों में सहिष्णुता एवं संवेदनशीलता स्थापित करने की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सीहोर जिले के विभिन्न शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों से आए गणमान्य अतिथि, प्राचार्य, प्राध्यापक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. कैलाश कुमार ठाकरे ने नेशनल तथा डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की प्रस्तावना तथा भविष्य की कार्यक्रम रूपरेखा से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. देवेंद्र कुमार वरवड़े द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में पूर्णिमा सिंह परिहार तथा डॉ टिमोथियस इक्का ने विभिन्न सत्रों में वक्ताओं के प्रति आभार प्रदर्शित किया। साथ ही सभी प्रतिभागियों ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा शिक्षण संस्थानों में सकारात्मक वातावरण बनाने का संकल्प लिया।

### देश के 50 बेस्ट शिक्षण मॉडल में भैरूंदा के संतोष धनवारे




**भैरूंदा।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय खरसानिया के शिक्षक संतोष धनवारे ने शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान रचा है। उनके द्वारा तैयार किया गया वातावरण और टीएलएम आधारित शिक्षण मॉडल भारत सरकार की 50 सर्वश्रेष्ठ केस स्टडी में शामिल हुआ है। यह चयन राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली ने किया है।अब वे भारत सरकार के सामने अपने शोध आधारित शिक्षण नवाचारों को प्रस्तुत करेंगे। धनवारे ने कबाड़ से जुगाड़ और स्थानीय संसाधनों से ऐसी शिक्षण सामग्री तैयार की, जिससे कठिन विषय भी बच्चों के लिए खेल बन गए। उन्होंने खेल-खेल में पढ़ाई को बढ़ावा दिया। स्कूल के भौतिक वातावरण को भी उन्होंने सीखने का माध्यम बना दिया। दीवारों पर चित्रकारी करवाई। आसपास की वस्तुओं को पाठ्यपुस्तकों से जोड़ा। कोरोना काल में जब स्कूल बंद थे, तब उन्होंने लाउडस्पीकर के जरिए बच्चों तक शिक्षा पहुंचाई। घर-घर तक पढ़ाई पहुंचाने के उनके इस प्रयास से बच्चों की पढ़ाई नहीं रुकी।

**माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी किए प्रवेश पत्र :** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकंडरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा परीक्षा वर्ष 2026 के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गये हैं। परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र मंडल की आधिकारिक वेबसाइट **https://mpbse.mponline.gov.in** पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं।

## महाकाल पैनल ने सीहोर में चलाया जनसंपर्क अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री दामोदर वंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज के अखिल भारतीय ट्रस्ट कड़छा उज्जैन के 18 जनवरी को होने वाले पांच वर्षीय चुनाव के लिए महाकाल पैनल ने जनसंपर्क किया। समाज अध्यक्ष श्याम दयाल मेहता के नेतृत्व में यह जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

ट्रस्ट सचिव और सचिव पद के उम्मीदवार नरेंद्र परिहार ने गांधी रोड पर मित्र मंडली के साथ सघन जनसंपर्क किया। महाकाल पैनल ने अध्यक्ष पद के लिए अमित चौहान, सचिव पद पर नरेंद्र परिहार, कोषाध्यक्ष पद पर सुनील गोयल को प्रत्याशी घोषित किया है।

ट्रस्टी पद के लिए अशोक सोलंकी, कन्हैया लाल देवड़ा, कमल किशोर परमार, किशोर चौहान, मनीष परमार, प्रशांत चौहान, सत्यनारायण सोलंकी और सुनील परमार को उम्मीदवार बनाया गया है। जनसंपर्क के दौरान समाज के लोगों से अपील की गई कि महाकाल पैनल के प्रत्याशियों को अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाएं।

**निर्माण ठेका सूचना**

संस्था का पुराना गोदाम तोड़कर नया गोदाम निर्माण करना है। इसके लिए इच्छुक ठेकेदार ठेका लेने के लिए अपना आवेदन संस्था मुख्यालय भवन पर तीन दिवस में प्रेषित करें। जिनका कम रेट होगा उसे ही ठेका दिया जावेगा और सभी बैंक के आदेशों का पालन करना पड़ेगा।

**बहु उद्देशीय प्रा.कृषि साख सह. समिति मर्यादित पगारिया हाट, जिला सीहोर**

### सीहोर में हुई क्रांति की कहानी का आसमान प्रदर्शन

# लेजर शो में विधायक राय ने किया सेवाकार्य करने वाले शहर के प्रतिभाशाली नागरिकों को सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

क्रांति अमरवीर वंदन कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय और अरूणा राय ने समाधी स्थल पर आयोजित लेजर शो के दौरान विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले प्रतिभाशाली नागरिकों का सम्मान स्मृति चिन्ह व शाल-श्रीफल भेंटकर किया। शहीद हुए सीहोर के क्रांतिकारियों की याद में कार्यक्रम आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में समाधी स्थल पर पहुंचे नगरवासी और बच्चों ने लेजर शो का आनंद लिया। सुबह शहीदों को श्रद्धांजली देने के बाद शाम 6 बजे कलाकारों के द्वारा राष्ट्रभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई।

विधायक सुदेश राय, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय और अरूणा राय ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अंतिम यात्रा के समय निशुल्क सेवा देकर 1000 हजार से ज्यादा शवों के अंतिम संस्कार करा चुके समाजसेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले राजू सोनी,बच्चों में संगीत का प्रेम जगाकर अबतक 50 से अधिक बच्चों को संगीत में महारथी बनाकर शासकीय सेवा में भेजने वाले संगीतिका संगीत महाविद्यालय के गुरुदेव मांगीलाल ठाकुर,संडे का सुकून टीम समाजसेवी अंकुर राठौर व मित्र मंडली को भी स्मृति चिन्ह व शाल-श्रीफल से किया गया।

समाधी स्थल पर लेजर शो देखने आये लोगों ने जैसे ही सीहोर क्रांति फिल्म का प्रदर्शन आसमान में प्रारंभ किया भारत माता की जय के नारे लगाने शुरु हो गए। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि विधायक सुदेश राय, विशेष अतिथि संघ के प्रचारक रहे सुरेश जी गुप्ता, समाजसेवी अखिलेश जी राय, अरुणा राय ने यहॉ सभी का सम्मान किया। विधायक सुदेश राय, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय और अरुणा राय ने कार्यक्रम में उपस्थिजनों को संबोधित करते हुए उत्साहवंर्धन किया और वीर शहीद 356 कांग्रतिकारी सेनानियों को याद किया। कार्यक्रम का सफल संचालक प्रदीप चौहान और आभार आनन्द भैया गॉधी ने व्यक्त किया।

सीएमएचओ के कक्ष में भाई के साथ जाकर शासकीय कार्य में बाधा का है आरोप

# अधिकारी को आंख दिखाने वाला लिपिक निलंबित, एफआईआर दर्ज

## बिना अनुमति सरकारी कम्प्यूटर व प्रिंटर घर ले जाने की मंशा पर भी लगे सवालिया निशान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय में कार्यरत सहायक ग्रेड-3 बाबू ऋषि विजयवर्गीय एवं उसके भाई राहुल पर शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज हुआ है। साथ ही लगातार गलतियों को देखते हुए जिला कलेक्टर ने भी लिपिक का निलंबन आदेश जारी किया। जहां तक सवाल है विवादों को तो ऋषि का पुराना नाता रहा है। पिछले दिनों ही कार्यालयीन समय में सहकर्मियों को खुलेआम गालियां देना व सीएमएचओ ऑफिस की ही महिला कर्मचारी के साथ गंदी हरकत करने जैसी बात उजागर होने पर भी शर्मिन्दा न होने वाले बाबू की ठसक इतनी बढ़ गई की वह विभाग के जिला अधिकारी सीएमएचओ से जा भिड़े। इस बार मामला किसी निजी अस्पताल की जांच से संबंधित था। जिस पर पर बाबू व उसके भाई ने सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल के कक्ष में जाकर अत्यंत आपत्तिजनक, असंयमित एवं अमर्यादित व्यवहार किया व शासकीय कार्य में अनावश्यक हस्तक्षेप किया गया। जिस पर राजगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### लिपिक का विवादों से है पुराना नाता

सहायक ग्रेड 3 लिपिक ऋषि विजयवर्गीय पूर्व में भी विवादित रहे हैं जिसके चलते पूर्व कलेक्टर नीरज सिंह ने भी इनको सीएमएचओ ऑफिस से हटाने की कार्रवाई की थी। अभी हाल ही में भी वर्तमान कलेक्टर डा गिरीश मिश्रा ने भी एक मामले में ऋषि की जांच के आदेश दिए थे परंतु वह रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हो पाई परंतु सूत्र बताते है कि उसमें भी दोषी पाए गए है।


सीएमएचओ ऑफिस के बाबू के मनचलेपन से परेशान है महिला कर्मचारी

बेटी को परेशान करने पर पिता ने सीएमएचओ से लगाई गुहार


### सरकारी कंप्यूटर और प्रिंटर घर ले जाने से डाटा चोरी का संदेह

पिछले कई दिनों से विवादों में उलझे लिपिक ऋषि विजयवर्गीय ने अपने काले कारनामें छुपाने के चलते 8 जनवरी को सीएमएचओ ऑफिस से सरकारी कंप्यूटर व प्रिंटर बिना किसी अनुमति के अपने घर ले गए। जिसे उन्होंने विभाग को अभी तक भी वापस नहीं किया है। सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल ने बताया कि जल्दी ही कंप्यूटर एवं पिंरटर वापस लेने की कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल बस हादसाः ड्राइवर सहित स्कूल संचालक पर भी की गई एफआईआर

## गत दिवस हुई दुर्घटना में 9 छात्र-छात्राएं हुए थे घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़




गत दिवस जिले के खिलचीपुर नगर में हुए स्कूल बस हादसे में 9 छात्र-छात्राएं घायल हो गए थे। मामले में पुलिस ने उस समय सिर्फ बस के चालक पर एफआईआर दर्ज करते हुए बस को जब्ती में लिया था। प्रकरण की विवेचना में उक्त स्कूल बस के दस्तावेज अपूर्ण पाए जाने पर अब स्कूल संचालक व प्रचार्य पर भी विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

### क्या था पूरा मामला

गत 13 जनवरी को खिलचीपुर एसडीएम कार्यालय के सामने सरदार पटेल एकेडमी की खटारा बस सामने खड़े टैक्टर से पीछे से जा भिड़ी थी। दुर्घटना में 09 बच्चे घायल हुए थे जिन्हें स्थानीय लोगों ने तुरंत ईलाज के लिए अस्पताल भिजवाया था। पुलिस ने उस समय सिर्फ बस के चालक रतन पिता मदनलाल दांगी निवासी हिनोतिया पर प्रकरण दर्ज कर बस को जब्ती में लिया था।

थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती ने बताया कि मामले की विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ कि उक्त स्कूल बस का कोई वैध परमिट साथ ही फिटनेस नहीं थी। यह पूरी तरह से स्कूल प्रबंधन की लापरवाही को इंगित करता है। ऐसे में अब उक्त दुर्घटना में स्कूल संचालक एवं प्राचार्य शिवचरण दांगी की भी लापरवाही मानते हुए अब उन पर भी विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। संचालक दांगी पर धारा 66/192(1) एवं 55/192(2) मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। उल्लेखनीय है कि जिले के विभिन्न निजी स्कूलों में बगैर निर्धारित दस्तावेजों के स्कूल बसों का संचालन हो रहा है। बच्चों की जान के साथ सीधे-सीधे हो रहे इस खिलवाड़ पर अब पुलिस एवं प्रशासन ने सख्ती बरतना शुरू कर दिया है।

## सरसों से भरा ट्रक लापता, व्यापारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**सारंगपुर।** कृषि उपज मंडी सारंगपुर से दिल्ली के लिए भेजी गई सरसों की बड़ी खेप लापता होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में व्यापारी द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट के अनुसार फरियादी कृषि उपज मंडी सारंगपुर में गल्ले का थोक व्यापार करता है। दिनांक 8 जनवरी 2026 को उसने अपने सहयोगी व्यापारी मोहन सिंह सोलंकी के साथ मिलकर कुल 230 क्विंटल सरसों, जिसकी कीमत लगभग 380 रुपये प्रति क्विंटल बताई गई है, ट्रक में भरवाकर खंडेलवाल ट्रांसपोर्ट कंपनी, नलखेड़ा के माध्यम से दिल्ली भेजी थी। बताया गया कि उक्त ट्रक को चालक देवराज गुर्जर, निवासी टेवली (राजस्थान) द्वारा दिल्ली ले जाया जाना था और ट्रक के 11 जनवरी 2026 तक दिल्ली पहुंचने की जानकारी दी गई थी। लेकिन निर्धारित तिथि तक सरसों की खेप व्यापारी के पास नहीं पहुंची। इसके बाद चालक से लगातार संपर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु उसने फोन नहीं उठाया और बाद में मोबाइल बंद कर लिया। फरियादी के अनुसार, चालक द्वारा सरसों की खेप को कहीं और बेचकर अमानत में खयानत किए जाने की आशंका है।

# जमीन बंटवारा मामले में रिश्वत मांग रहा था पटवारी, सस्पेंड


पटवारी पर रिश्वत मांगने का लगाया आरोप

किसान ने क्षेत्रीय विधायक और एसडीएम से लगाई गुहार

**राजगढ़।** जमीन बंटवारे के एक मामले में फरियादी से रिश्वत की मांग करने वाले खिलचीपुर क्षेत्र के पटवारी देवेंद्र मीणा को प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। निलंबित पटवारी द्वारा भूमि बंटवारे के मामले में कईं दिनों से फरियादी को परेशान करते हुए काम के एवज में रिश्वत की मांग की जा रही थी। प्रशासन के संज्ञान में आने पर मामले की जांच उपरान्त पटवारी को सस्पेंड करने की कार्यवाही हुई है।

### यह था पूरा मामला

खिलचीपुर तहसील के भोजपुर अंतर्गत ग्राम तलावड़ा निवासी मोहनलाल तंवर ने अपनी भूमि सर्वे क्रमांक-3 कुल 16 किता, कुल रकबा 5.891 हेक्टेयर भूमि के बटवारे के संबंध में न्यायालय, नायब तहसीलदार भोजपुर में बटवारा प्रकरण क्रमांक प्रस्तुत किया। इस प्रकरण में पटवारी देवेंद्र मीणा द्वारा फर्द बटवारा हेतु राशि की मांग की जाने की शिकायत मय शपथ-पत्र प्रस्तुत की गई। मामले की जांच के दौरान शिकायतकर्ता मोहनलाल एवं अन्य साक्षी कंवरलाल, दारासिंह के कथन लिए गए। जांच में प्रथम दृष्टया पटवारी मीणा द्वारा प्रकरण में रिपोर्ट पेश नही किया जाना एवं आवेदक को अनावश्यक परेशान करना सामने आया। इस पर पटवारी मीणा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर उनका मुख्यालय एसडीएम कार्यालय खिलचीपुर नियत किया गया है। नायब तहसीलदार भोजपुर को नोटिस जारी कर जवाब लेने की कार्रवाई की जा रही है।

मंत्री प्रहलाद पटेल ने किया खिलचीपुर व जीरापुर के अटल सुशासन भवन का भूमि पूजन

# मंत्री बोले - राशि मांगने की आवश्यकता नहीं है विधायक जी




**खिलचीपुर।** खिलचीपुर के मेला ग्राउंड में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पवार , सांसद रोडमल नागर सहित अटल सुशासन भवन (जनपद पंचायत खिलचीपुर एवं जीरापुर) के निर्माण-कार्य का भूमि पूजन करने करीबन 4 बजे पहुंचे जिनका फूल माला एवं ढोल नगाड़ों से विधायक हजारीलाल दांगी के नेतृत्व में स्थानीय सरपंचगणो, सचिव गणो ने स्वागत किया। भूमि पूजन पूजा अर्चना कर की। मंत्री प्रहलाद पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा मोदी जी ने ग्रामीण अंचल के विकास की अनेकों विकासशील योजनाएं पक्की सड़क ,आवास, सुदूर सड़क, खेत तालाब, वाटर सेट , सामुदायिक भवन निर्माण आदि चला रखी है। जिससे गांव का विकास हो रहा है अब शहर के लोग रहने के लिए गांव में बस रहे हैं। केंद्र ओर राज्य क ई विकासशील योजनाएं हैं जिसका लाभ लेकर लोक समृद्ध हो रहे हैं। हालांकि कुछ कमियां भी है जिन्हें सुधारने हेतु मोदी ने जी राम जी योजना में सुधार किया है।

जी राम जी योजना में कुशल श्रमिक, अकुशल श्रमिक, अर्ध कुशल श्रमिकों अर्थात सभी वर्ग के महिला पुरुषों को लाभ मिलेगा। वही अब 100 दिनों के रोजगार के वजाय 125 दिन का रोजगार मिलेगा। प्रहलाद पटेल बोले मरघट, शमशान, के सौंदर्य करण तथा शमशान जाने के रास्ते पक्की सड़कों में बदलेंगे इनके विकास में भरपूर राशि दी जाएगी वहीं शमशान की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाएगा। वर्ष 2027 तक गांव-गांव के शमशान का सौंदरीकरण व रोड बनवाया जाएगा। वहीं विधायक हजारीलाल दांगी को फटकार लगाते हुए कहा कि हमारी सरकार गांव के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं में समय-समय पर राशि उपलब्ध करा रही है। राशि मांगने की आवश्यकता नहीं हमें सब पता है कहां कितनी राशि व कार्य देने है। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष राम जानकी मालाकार, जनपद अध्यक्ष सीमा नैनावत, सरपंच गण एवं भाजपा कार्यकर्ता गण सहित कलेक्टर गिरीश भंडारी, जिलापंचायत सीईओ, जनपद सीईओ सहित कई विभाग के जिला पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# निरीक्षण में लापरवाही पर एसडीएम की सख्त कार्रवाई

## एक पटवारी को किया निलंबित, 2 का वेतन काटा



**सारंगपुर।** गुरुवार को एसडीएम रोहित बम्होरे द्वारा सारंगपुर तहसील के ग्राम नैनवाड़ा धनोरा तथा पचोर तहसील के ग्राम सराली मे ओचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान राजस्व अमले की लापरवाही सामने आने पर सख्त कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान ग्राम नेनवाड़ा में पदस्थ पटवारी आरती चौहान ड्यूटी के समय अनुपस्थित पाई गईं। इस गंभीर लापरवाही को प्रशासनिक अनुशासनहीनता मानते हुए एसडीएम रोहित बम्होरे ने तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित करने के आदेश जारी किए। इसी क्रम में ग्राम धनोरा एवं पचोर तहसील के गांव सराली में निरीक्षण के दौरान वहां पदस्थ पटवारी मनीष पाटीदार एवं गोवर्धन नागर भी अपने कार्यस्थल पर अनुपस्थित पाए गए। इस पर एसडीएम द्वारा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि शासन द्वारा सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मंडावर, हरलाय, भैंसानी, जोगीपुरा गांवों का मामला

# सिंचाई परियोजनों से वंचित गांवों के ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के लाभ से वंचित रहे नरसिंहगढ़ क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों के कईं किसानों में खासा रोष व्याप्त है। ऐसे में मंडावर, हरलाय, भैंसानी, जोगीपुरा गांव के कईं ग्रामीण शुक्रवार को जनपद सदस्य मनोज सक्सेना के नेतृत्व में कलेक्टोरेट पहुंचे और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगे रखी। इसके साथ ही चेतावनी भी दी गई यदि किसानों को उनके हक से वंचित रखा गया तो वे आगामी दिनों में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

किसानों का आरोप है कि पहले उन्हें कुंवर चैन सागर परियोजना के लाभ से उनके गांवों को वंचित रखा गया था। इसके बाद उम्मीद थी कि मोहनपुरा परियोजना या पार्वती रेसई सिंचाई परियोजना में उन्हें सम्मिलित किया जाएगा लेकिन उक्त गांवों को दोनों ही बड़ी सिंचाई परियोजनाओं की सूची से बाहर कर दिया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन पर पक्षपात और अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि मंडावर क्षेत्र के किसान खेती पर ही निर्भर हैं। अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि वे इस मामले में संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर तकनीकी पहलुओं एवं दृष्टिकोण से जांच कराएंगे ताकि पात्र किसानों को सिंचाई का लाभ मिल सके।

### नाम न जुड़ने तक जारी रहेगा संघर्ष

आक्रोषित लहजे में कलेक्टोरेट पहुंचे मंडावर क्षेत्र के किसानो के कहा कि उनके साथ हो रहायह सौतेला व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पहले एक परियोजना से नाम हटाया गया और अब बाकी दोनों परियोजनाओं से भी बाहर कर दिया गया है। जब तक हर खेत तक पानी नहीं पहुँचता, हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

# संकल्प से समाधान अभियान का राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 7 स्थित अंबेडकर मांगलिक भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यममंत्री डॉ गौतम टेटवाल द्वारा मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत जनसामान्य को कल्याणकारी हितग्राही मूलक योजनाओं का सुगमता से लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुभारंभ किया गया।

उक्त अभियान अन्तर्गत प्रथम चरण में नगरीय क्षेत्र के वार्डों के लिए दल गठित किए गए हैं। जिसमें नोडल अधिकारी, वार्ड प्रभारी व अन्य कर्मचारी शामिल किये गये हैं। वार्ड स्तर पर शिकायतें एवं आवेदन संग्रह कर पोर्टल पर दर्ज कराएंगे। उक्तानुसार नगरीय क्षेत्र में संकल्प से समाधान अभियान में विभिन्न सेवाओं का आवेदन एकत्र करेंगे और उसका निराकरण करेंगे। इसमें सामाजिक न्याय विभाग, वित्त, राजस्व , नगरीय विकास एवं आवास, जनजातीय कार्य, कृषि, एमपीईबी सहित अन्य विभागों की सेवाएं सम्मिलित हैं। यह अभियान तीन चरणों में 31 मार्च तक चलेगा। पहले चरण में आवेदन लेंगे। दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण के साथ तीसरे में हितलाभ हेतु पात्र हितग्राहियों का चयन किया जाना है। उन्होने यह भी कहा कि इस अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही बरती नहीं बरतें। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे पार्षद गोपाल पाल, राकेश पुष्पद, अमित गिरजे नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा पार्षद प्रतिनिधि बाबुलाल अहिरवार, कुलदीप राठौर सहित निकाय के कर्मचारी उपस्थित थे।

# नगर की समस्त सुंदरकांड समितियों ने सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया



**जीरापुर।** नगर में हिंदू सम्मेलन को लेकर प्रतिदिन धार्मिक आयोजन का सिलसिला जारी है जिसमें प्रतिदिन प्रातः प्रभात फेरी नगर के विभिन्न धार्मिक स्थलों से निकालीं जा रही जिसमें युवा वर्ग सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होकर भगवान के संकीर्तन करते निकलते हैं। इसी कड़ी में बुधवार की रात्रि में सिदेश्वर महादेव मंदिर थाना परिसर के सामने नगर की समस्त सुंदरकांड समितियों द्वारा एकरूपता,सामाजिक समरसता, धार्मिकता से परिपूर्ण होकर भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जहां पर सुंदरकाण्ड के माध्यम से सबके मंगलमय जीवन के साथ सब सुखी रहें समग्र हिन्दू समाज एकता का परिचायक बनकर पारस्परिक सौहार्द से रहें। इस पुनीत अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्यों द्वारा विभिन्न झांकी सजाई तथा हनुमानजी का विशाल घोंटा सुंदरकांड स्थल पर रखा गया था जो श्रद्धालु भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर सुंदरकांड शोभायमान हो रहा था। इस दौरान आरती श्री बजरंग नवयुवक समिति के संयोजक पंडित श्यामसुंदर शर्मा ने की तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ तहसील प्रचारक दीपक साहू ने सुंदरकांड की महत्ता प्रतिपादित करते हुए कहा कि 19 जनवरी को हिन्दू सम्मेलन में सभी भक्त शामिल होकर आगुंतक अतिथियों के अमृत वचनों का लाभ ले।

हाथी, घोड़े, झांकियों के साथ निकाली कलश यात्रा में लोग शामिल हुए

# 'जय श्री राम' उद्घोष के साथ सम्मेलन में उमड़ा हिंदू समाज

**- स्टेडियम में संतों के मुखारविंद से निकली सनातन की अविरल धारा**
**- अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा से शोभायात्रा का हुआ भव्य स्वागत, अभिनंदन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

राजगढ़ नगर में आयोजित होने विराट हिन्दू सम्मेलन के लिए बीते करीब एक महीने से की जा रही तैयारियों ने शुक्रवार को सार्थक रूप ले लिया। पूरा शहर भगवामय होकर राम भक्ति और सनातन की अविरल धारा में बहता नजर आया। स्टेडियम में आयोजित हुए हिन्दू सम्मेलन के पूर्व स्थानीय नगर में एक भव्यतम कलश एवं शोभायात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में मातृ-शक्तियां एवं सकल हिन्दू समाज ने सम्मिलित होकर इस यात्रा को एतिहासिक बना दिया। निर्धारित समय पर गाजे-बाजे, ढोल-ढमाकों, विभिन्न झांकियों के साथ गज पर सवार संतों के साथ स्थानीय राजमहल से आरंभ हुई शोभायात्रा नगर के तुल्ली चैक, मेन रोड, पारायण चैक, जयस्तंभ चौक, बिरसा मुंडा चैराहा, बाईपास होते हुए खिलचीपुर नाका पहुंची। खिलचीपुर नाके पर खुजनेर रोड तरफ से आई शिव-बारात में सम्मिलित भगवान शिव एवं पार्वती का विवाह संपन्न करवाया गया। हजारों की संख्या में उपस्थित लोग इस अप्रतिम एवं एतिहासिक पल के साक्षी बने।





### स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

कलश यात्रा का नगर में अनेकों स्थानों पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, प्रतिष्ठान संचालकों सहित अन्य द्वारा पुष्पवर्षा करते हुए भावभीना स्वागत, अभिनंदन किया गया। यात्रा में शामिल स्वयंसेवक सहित अन्य हजारों लोग जय श्रीराम के उद्धघोष लगाते हुए सनातन की गंगा में बहते हुए साथ चल रहे थे।

### घर-घर बांटे आमंत्रण-पत्र रात्रि में भव्य आतिशबाजी

इस एतिहासिक हिन्दू सम्मेलन के लिए सेवाभावी स्वयंसेवकों द्वारा बीते कईं दिनों से युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही थीं। नगर के प्रत्येक घर में जहां आमंत्रण-पत्रों का वितरण करवाया गया था वहीं हर गली-मोहल्लों में प्रभात फेरियां निकाली जा रही थीं। हिन्दू सम्मेलन के पूर्व गुरुवार-शुक्रवार की मध्य रात्रि नगर के अनेकों स्थानों, कॉलोनी, मोहल्लों में सनातनियों ने झिलमिलाती आतिशबाजी भी की।

### स्टेडियम में विभिन्न सांस्कृतिक व धार्मिक प्रस्तुतियां

शोभायात्रा के स्टेडियम परिसर पहुंचने पर मंच पर विभिन्न स्कूलों के नौनिहालों सहित अन्य बच्चों एवं प्रतिभाओं द्वारा कईं तरह की धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। लोग इन प्रस्तुतियों को देखकर देखकर हतप्रद रह गए। हवनादि कार्यक्रमों के उपरान्त प्रख्यात संत श्री उत्तम स्वामीजी महाराज सहित अन्य संतों के आर्शिवचन सनातनियों को प्राप्त हुए। दोपहर से शाम तक चले आयोजन उपरान्त आयोजन में सम्मिलित सभी जनों के लिए समरसता भोज का आयोजन करवाया गया।

## खबर संक्षेप

### अवैध मदिरा संग्रहण व विक्रय पर की कार्रवाई

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग द्वारा वृत्त बागली क्षेत्र में कार्यवाही कर 32 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 600 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया । कार्यवाही में 05 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत दर्ज किए गए है,जप्त सामग्री का मूल्य लगभग 66400 रुपये है। कार्यावाही में आबकारी उपनिरीक प्रेम यादव आबकारी आरक्षक राजेश जोशी,सुरेंद्र एवं गीतेश सम्मिलित रहे, इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### टोंकखुर्द में कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**देवास।** महिला बाल विकास अधिकारी देवास ने बताया कि बाल विवाह की कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा संचालित 100 दिवसीय सघन अभियान ₹बाल विवाह मुक्त भारत₹ के द्वितीय चरण का आयोजन टोंकखुर्द परियोजना के जनपद सभाकक्ष में किया गया।

### सांदीपनि शासकीय माध्यमिक विद्यालय में हुई करियर काउंसलिंग वर्कशॉप

# करियर का चयन करने से पहले रूचि और कमियों का मूल्यांकन जरूरी: सोलंकी

सही करियर का चुनाव विद्यार्थियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जावर द्वारा आयोजित करियर काउंसलिंग वर्कशॉप में शासकीय महाविद्यालय जावर के प्रोफेसर राकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि सही करियर का चुनाव विद्यार्थियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम होता है। सोलंकी ने कहा कि करियर का चयन करने के लिए सबसे पहले विद्यार्थियों को अपनी रुचियों, क्षमताओं, अवसरो एवं कमियों का मूल्यांकन करना चाहिए और अपनी रूचि एवं क्षमताओं के अनुसार अवसरो को ध्यान में रखकर करियर का चयन करना चाहिए।लक्ष्य को निश्चित करते समय यह भी ध्यान रखे कि मैं यह कार्य ही क्यों करना चाहता हूं।

इससे आप अपने लक्ष्य को स्पष्ट रूप से समझ पाएंगे और भविष्य में कन्फ्यूजन नही होगा। सोलंकी ने सलाह दी कि विद्यार्थी विभिन्न करियर विकल्पों और संभावनाओं के बारे में प्लेटफॉर्म्स आदि से लेटेस्ट करियर ऑप्शन्स के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उदाहरण देते हुये उन्होंने कहा की आजकल तकनीकी क्षेत्र- आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, वेब डिज़ाइनिंग, साइबर सिक्योरिटी, एथिकल है। किंग, मल्टीमीडिया, कंटेंट राइटिंग, ब्लॉगर, इन्फेलुसर, बी.पी.ओ., के.पी. ओ., स्वास्थ्य सेवा, सिविल सर्विसेज और उद्यमिता, आर्गेनिक फार्मिंग आदि के क्षेत्र में अच्छे करियर की अनेक संभावनाएं हैं। साथ ही विद्यार्थियों को मेंटर से मार्गदर्शन लेते रहना चाहिए। एक अच्छा मेंटर छात्रों के करियर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सोलंकी ने 3Hs का फॉर्मूला बताते हुए कहा कि हेड और हैंड्स के बीच में हार्ट (मन) लगना जरुर है। इसलिए लक्ष्य के चयन में मन की आवाज़ को अनदेखा न करें। अंत में उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को आज की जरुरत के अनुसार विषयों एवं फील्ड्स का चुनाव करना चाहिए ताकि उन्हें सफलता के ज्यादा अवसर उपलब्ध हो। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने के लिए भी प्रेरित किया।

# करणी सेना प्रमुख शेरपुर ने पीड़ित से की मुलाकात

**दोषियों पर कार्रवाई करे प्रशासन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

पुलिस प्रशासन एवं कुछ लोगों द्वारा प्रताड़ित किए जाने के कारण शिशुपाल सिंह को आत्महत्या जैसा कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा है, ऐसी प्रताड़ना व अनैतिक दबाव हम किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेंगे। आज हमने अपने साथी से बॉम्बे हॉस्पिटल, इंदौर में मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और समझाइश देकर भरोसा दिलाया कि हम उनके साथ मजबूती से खड़े हैं। मैं सभी साथियों से आग्रह करता हूँ कि हम इतने कमजोर नहीं हैं कि ऐसे लोगों या प्रशासन की अनीति के दबाव में आकर ऐसे कायरता पूर्ण कार्य करें। हम सक्षम हैं और अन्याय के विरुद्ध मजबूती से खड़े होने की ताकत रखते हैं, हमारे लिए हमारे भाई का जीवन सर्वोपरि है आप लोगों से हाथ जोड़कर निवेदन हे कि भविष्य में कभी कोई ऐसी कायरता पूर्ण हरकत कर अपने परिवार को संकट में ना डाले। प्रशासन भी इस मामले को गंभीरता से ले और जो भी दोषी व्यक्ति और अधिकारी हे उनके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करे, अन्यथा हमें अपने भाई के लिए सड़क पर लड़ाई लड़ने के लिए विवश होना पड़ेगा।

# ओलंपियाड प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शुक्रवार और शनिवार को जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता के लिए हर ब्लाक स्तर पर एक परीक्षा केंद्र बनाया गया बीआरसीसी अजब सिंह राजपूत ने बताया कि आष्टा में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा केंद्र बनाया। ओलंपियाड परीक्षा के सफल आयोजन हेतु कंट्रोल रूम स्थापित कर बीएसी मनोज कुमार विश्वकर्मा, शालिनी सारासिया एमआरसी प्रतिमा भावक को दायित्व सौंपा गया। ओलंपियाड प्रभारी फूल चंद सांकले बीएसी ने बताया कि कक्षा 2 से 8 तक के बच्चों ने उक्त परीक्षाओ एमआर शीट पर दी। जो कि दो दिन गुरुवार 16 जनवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक तीन पारी व शुक्रवार 17 जनवरी को प्रातः 10ः बजे से 5.30 तक चार पारी में कक्षा दो से आठ तक सभी विषयों पर संपन्न हुई जिसमें कुल लक्षित 896 बच्चों में से 683बच्चों ने सहभागिता की। यह परीक्षा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होती है जिसमें छात्रों के लिए अपने ज्ञान, समस्या समाधान कौशल और महत्वपूर्ण सोच क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए एक प्लेटफार्म मिलता है। ओलंपियाड परीक्षा प्रतिस्पर्धा परीक्षा है जो सभी विषयो में छात्रों के ज्ञान का आकलन करती है। आरआर उइके जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र सीहोर द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस मौके पर अजब सिंह राजपूत बीआरसीसी, अनिल कुमार श्रीवास्तव सह समन्वयक साक्षरता मिशन, महेंद्र सिंह मालवीय देव मेवाड़ा बीएसी, मनोहर लाल विश्वकर्मा बीएसी, हरेंद्र सिंह ठाकुर लेखपाल, व समस्त जन शिक्षक उपस्थित रहें। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु जन शिक्षक जगदीश मालवीय, कृष्ण कुमार सोनी माध्यमिक शिक्षक व जन शिक्षक केदार सिंह परमार, राकेश सूर्यवंशी का सहयोग रहा।

# 1350 खिलाड़ियों ने खेल खेलो के लिए कराया पंजियन




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 21 खेलों हॉकी, बॉक्सिग, एथलेटिक्स, खो-खो, तैराकी, टेबल टेनिस, मल्लखंब, कुश्ती, जूड़ो, शतरंज, वेटलिफिटिंग फुटबॉल, व्हालीबॉल किकेट, बैडमिंटन, पिटद्ध, बास्केटबॉल, टेनिस, योगासन, कबडडी के 1050 खिलाडी प्रतियोगिता करेगें। जिसका उद्घाटन 19 जनवरी को खेल परिसर सीहोर में विधायक शसुदेश राय भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, कलेक्टर बालागुरु के. पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला सहित खेल संघों के अध्यक्ष व सचिव के आतिथ्य में दोपहर 2 बजे किया जाएगा।

# सीहोर-श्यामपुर फोरलेन सड़क की मिली सौगात केंद्रीय मंत्री ने की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिलेवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। सीहोर से श्यामपुर तक फोर लेन सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण परियोजना की घोषणा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने की। यह सौगात क्षेत्रीय विधायक सुदेश राय की अनुशंसा पर मिली है। करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाली इस फोरलेन सड़क से सीहोर से श्यामपुर तक आवागमन पहले से कहीं अधिक सुलभ और सुरक्षित होगा। सड़क पर आधुनिक डिवाइडर, स्ट्रीट लाइटिंग सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी, जिससे यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। बताया गया कि विधायक सुदेश राय ने इस सड़क निर्माण को लेकर केंद्रीय मंत्री को पत्र भेजकर क्षेत्र की आवश्यकता से अवगत कराया था। उनकी पहल पर अब केंद्रीय सड़क प्राधिकरण द्वारा श्यामपुर से सीहोर तक सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का स्वागत किया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लोक निर्माण विभाग मंत्री, सांसद एवं विधायक उपस्थित रहे। साथ ही प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। क्षेत्रवासियों ने इस घोषणा का स्वागत करते हुए इसे सीहोर–श्यामपुर के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है।

### मंदिर पर आयोजित हुआ हिंदू सम्मेलन

चापडा। आगुर्ली एवं बेड़ामऊ मंडल का भव्य हिंदू सम्मेलन हनुमान मंदिर मनोरा धाम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में क्रांतिकारी संत तरुण मुरारी बापू एवं विशेष अतिथि के रूप में हरेंद्र सिंह सेंधव विभाग धर्म जागरण सहसंयोजक एवं संजना परसाई हिन्दू जागरण मंच जिला समन्वयक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान कलश यात्रा का आयोजन भी किया गया। अतिथियों के द्वारा भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर गौ माता का पूजन किया गया। अतिथियों का स्वागत मनोरा धाम मंदिर के अध्यक्ष के द्वारा किया गया। संजना परसाई ने संघ के पांच परिवर्तन सामाजिक समरसता को तुम प्रबोधन पर्यावरण संरक्षण नागरिक अनुशासन एवं स्व का बोध आदि बारे में विस्तार से बताया। विभाग सहसंयोजक हरेंद्र सेंधव द्वारा हिंदुत्व के ऊपर प्रकाश डाला। संत तरुण मुरारी बापू के द्वारा सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए कहा कि एक संगत एक पंगत हो। लव जिहाद,गोरक्षा हिंदुत्व को जगाने के ऊपर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का सफल संचालन राघवेंद्र सेंधव

# कलश यात्रा के साथ सहस्त्र महायज्ञ का आज किया जाएगा शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



संपूर्ण जिले में पहली बार शहर के गंज के समीपस्थ करोली वाली माता मंदिर में संयुक्त मां कालका उत्सव समिति के तत्वाधान में होने जा रहे ऐतिहासिक दस दिवसीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ रविवार को दोपहर तीन बजेश शहर के गंज स्थित राठौर धर्मशाला से भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया जाएगा। इस मौके पर करीब 551 से अधिक महिलाएं सिर पर कलश धारण करते हुए बड़ी संख्या में 108 विप्रजनों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, कलश यात्रा करीब एक किलोमीटर तक पुष्प वर्षा के साथ क्षेत्रवासियों ने स्वागत की तैयारियां की है। महायज्ञ को लेकर तैयारियां पूर्ण हो गई है। कार्यक्रम के अध्यक्ष विवेक राठौर, यज्ञाचार्य पंडित महादेव शर्मा और मुख्य यजमान सूत्रधार तरुण राठौर सहित अन्य ने माघ की गुप्त नवरात्रि में समस्त शहरवासियों के द्वारा कराए जा रहे दिव्य अनुष्ठान में शामिल होने की अपील की है। शनिवार को महायज्ञ से पहले करीब 45 से अधिक जोड़ों को हिमाद्री आदि का अनुष्ठान करवाया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी प्रदीप समाधिया ने बताया कि समस्त शहरवासियों के सहयोग से होने वाले ऐतिहासिक दस दिवसीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन जिले में पहली बार किया जा रहा है। लगातार दस दिनों तक नगरवासियों के अलावा यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए नगर भोज भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा भव्य यज्ञ शाला का निर्माण किया गया है। शाला की परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि जो श्रद्धालु यज्ञ शाला में नहीं बैठ सके है, उनके लिए यज्ञ शाला के परिक्रमा की व्यवस्था की गई है। करीब 108 विप्रजनों के द्वारा दुर्गा सप्तशती के पाठ एवं हवन इत्यादि मर्यादा के अंतर्गत किए जाएंगे। भव्य महायज्ञ को लेकर शहर भर के संगठनों को आमंत्रित किया गया है जिनके संरक्षण में किया जा रहा है।

# साइबेरियन पैंथर ने काका लायंस को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के बीएसआई मैदान पर क्रिसेंट रेसीडेंसी गुरप के तत्वाधान में स्व. प्रमोद पटेल की स्मृति में आयोजित एसपीएल-7 में शनिवार को दो मैच खेले गए थे। इसमें पहला मैच क्रिकेट वारियर्स और कृष्ण ब्लास्टर के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में कृष्णा ब्लास्टर की टीम ने सात विकेट से जीत हासिल की। वहीं एक अन्य मुकाबला काका लायंस और साइबेरियन पैंथर के मध्य मुकाबला रोमांचक रहा। इस मैच में पैंथर टीम ने एक रन से शानदार जीत हासिल की। मुकाबले के पश्चात कोतवाली थाना प्रभारी रविन्द्र यादव, एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी और कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा ने मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। शनिवार की सुबह पहले मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी क्रिसेंट वारियर्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 127 रन बनाए थे। इसमें सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरे विस्फोटक बल्लेबाज आदर्श राय ने 41 गेंद पर 54 रन बनाए थे। इसके अलावा जितेन्द्र जायसवाल ने 11 रन, विजय कुमार ने 25 रन और हेमंत चौरसिया ने 12 रन की पारी खेली। वहीं कृष्णा ब्लास्टर की ओर से गेंदबाजी करते हुए कनक-अमित शर्मा ने 2-2 विकेट, रौनक, विशांक शिंदे और आदित्य ने 1-1 विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कृष्णा ब्लास्टर की टीम ने 16.2 ओवर में तीन विकेट खोकर यह मैच जीत लिया। इसमें नरेन्द्र ने 13 रन, संयोग ने 58 रन और आदित्य ने 17 रन की पारी खेली। इधर क्रिसेंट की ओर से अमित ने दो विकेट और हेमंत चौरसिया ने एक विकेट हासिल किया। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि दूसरा मुकाबले साइबेरियन पैंथर और काका लायंस के मध्य खेला गया था, इस मुकाबले पैंथर ने मैच के अंतिम क्षण में एक रन से जीत हासिल की। इसमें काका पैंथर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 165 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी काका लायंस की टीम 164 रन ही बना सकी। इस मुकाबले में पैंथर की ओर से नितेश ने 22 रन, गौरव पिचोनिया ने 37 रन, अतुल कुशवाहा ने 10 रन, कमलेश पारोचे ने 45 रन, दीपेश सेन ने 15 रन और गौरव खरे ने 22 रन की शानदार पारी खेली।

### खेलो एमपी यूथ गेम्स-सोनकच्छ ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा संपन्न

# प्रतिभावान खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलों एमपी यूथ गेम्स प्रतियोगिता के अंतर्गत 12 जनवरी से 16 जनवरी तक सोनकच्छ में ब्लॉक स्तरीय (बालक एवं बालिका) की चयन स्पर्धा का आयोजन किया गया। स्पर्धा में क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। चयन स्पर्धा का आयोजन विभिन्न खेलों के अनुसार अलग-अलग स्थलों पर किया गया। फुटबॉल एवं वॉलीबॉल चयन स्पर्धा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर, सोनकच्छ में आयोजित की गईं।

एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी एवं रस्साकसी चयन स्पर्धा पायोनियर इंटरनेशनल स्कूल, सोनकच्छ में संपन्न हुईं। वहीं योगासन चयन स्पर्धा का आयोजन मां जिनवाणी पब्लिक स्कूल, पुष्पगिरि, सोनकच्छ में किया गया। पांच दिवसीय इस चयन स्पर्धा में खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

यह आयोजन युवाओं में खेल भावना के विकास, सामूहिक सहभागिता तथा जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय खेलों एमपी यूथ गेम्स प्रतियोगिता के लिए किया गया। प्रतियोगिता के अवसर पर जावेद पठान (खेल एवं युवा कल्याण विभाग, देवास), राजेंद्र सेंधव सचिव देवास कबड्डी कॉरपोरेशन, फुटबॉल कोच विल्सन निनामा, सचिन सिंह परिहार, वॉलीबॉल कोच आयुष गांगुड़े, खेल शिक्षक रॉबर्ट निनामा, खेल प्रशिक्षक राहुल सिंह पिलवाली, साकिर ख़ान, गंगाराम परमार, दुर्गेश जाजू, प्रेम मालवीय, पुष्पेंद्र तोमर, राहुल राठौर, मेघराज चावड़ा, राहुल वर्मा, अजीम शेख, अंकित टोपो एवं धर्मवीर यादव उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेलों के माध्यम से युवाओं के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। प्रतियोगिता का सफल आयोजन स्थानीय विद्यालय प्रशासन, खेल प्रशिक्षकों एवं आयोजन समिति के सहयोग से संपन्न हुआ।

# कायाकल्प योजना अंतर्गत वार्ड 22 में 12 लाख रुपए की लागत से डामरीकरण कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



वार्ड 22 में कायाकल्प योजनान्तर्गत 12 लाख की लागत से जवाहर नगर में पानी की टंकी के पास का डामरीकरण रोड बनाए जाने का शुभारंभ विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा नेता सत्तापक्ष मनीष सेन, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रूपेश वर्मा, पार्षद राहूल दायमा, पार्षद प्रतिनिधि बाबु यादव महामंत्री मनीष सोलंकी के साथ मशीन का पूजन कर रोड डामरीकरण कार्य आरंभ करवाया। इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा कि सरकार की इस कायाकल्प योजना के अन्तर्गत जवाहर नगर मे पानी की टंकी के पास का डामर रोड बन रहा है। हमारी सरकार के कार्यकाल एवं हमारी विधायक गायत्री राजे पवार के नेतृत्व में देवास मे चहुंमुखी विकास कार्य बिना भेदभाव से कर रहे है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि वर्मा ने विधायक गायत्री राजे पवार, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल एवं उपस्थित सभी का आभार माना। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रघुवीरसिह रघुवंशी, विपुल अग्रवाल, रहवासी सुनिल पथरोड, तरूण मोदी, संजु मालवीय, मुकेश पांचाल व बडी संख्या मे मातृ शक्ति उपस्थित रही।